Seventeenth Loksabha

an>

Title: Regarding establishment of a Kendriya Vidyalaya in Satara.

श्री श्रीनिवास दादासाहेब पाटील (सतारा): स्पीकर सर, आपने मुझे शून्य काल में बोलने का मौका दिया है, इसके लिए मैं आपका आभारी हूँ।

सर, सतारा में एक केंद्रीय विद्यालय की माँग मैं तब से कर रहा हूं, जब मैं पहली बार चुन कर आया था। आज मैं तीसरी बात सांसद बना हूँ। मैं वहां पर एक केंद्रीय विद्यालय की मांग आज फिर एक बार और उठाना चाहता हूँ। सौभाग्य से आज आपने मुझे सुअवसर दिया है, इसलिए मैं यह माँग उठाना चाहता हूँ। केंद्रीय विद्यालय में केंद्रीय कर्मचारियों के बच्चों को एडमिशन मिलता है। वहां पर अच्छी शिक्षा कम फीस और कम दाम में मिलती है। पहले तो हर सांसद को 10 विद्यार्थियों को पुणे, गृहनगर और खड़गवासला में एडमिशन की एक सहूलियत थी। वह सहूलियत अब समाप्त हो गई है। पुणे में 12 केंद्रीय विद्यालय हैं, शोलापुर में 1 विद्यालय है और सांगली में भी 1 है, लेकिन सतारा में 1 भी केंद्रीय विद्यालय नहीं है। अगर आप सतारा जसी कर्मभूमि में केंद्रीय विद्यालय के बारे में कृपा करेंगे तो मैं आपका और सरकार का बहुत आभारी रहूंगा। धन्यवाद।